सबकी बिगड़ी बनाते हो

सबकी बिगड़ी बनाते हो,
देवा सबके मन भाते हो।।

महादेव के लाडले हो,
गौरा मईया के तारे हो,
महादेव जी के चरणों में,
गौरा मईया जी के चरणों में,
देवा शीश झुकाते हो ।।

रिद्धि सिद्धि के स्वामी,
सबपे किरपा बरसाते हो,
दुःख हरता कहलाते हो,
दुःख को जड़ से मिटाते हो ।।

दर से खाली कोई भी देवा के ना जाता है,
भर के झोली खुशियों से देवा के गुण गाता है,
बिटिया 'प्रियंका' पर देवा अपनी किरपा बरसाते हो ।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25005/title/sabki-bigdi-banate-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |